मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-482
17/09/2023

# मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना की

पटना, 17 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पटना हवाई अड्डा स्थित स्टेट हैंगर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा, विशेष सुरक्षा बल के कार्यालय परिसर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा, मुख्य सचिवालय प्रांगण में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा एवं नवीन पुलिस केन्द्र स्थित राज्य पुलिस परिवहन मुख्यालय, पटना में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा–अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर समस्त राज्यवासियों एवं देशवासियों को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री जीतेन्द्र सिंह गंगवार, अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा श्री सुनील कुमार, आई0जी0 पटना प्रक्षेत्र श्री राकेश राठी, पुलिस उप महानिरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******